हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान,पन्थाघाटी, शिमला, हिमाचल प्रदेश

केंद्रीय विद्यालय, हाई ग्राउंड, चंडीगढ़ व केंद्रीय विद्यालय, जीरकपुर के विद्यार्थियों का हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला का शैक्षणिक भ्रमण

केंद्रीय विद्यालय, हाई ग्राउंड, चंडीगढ़ व केंद्रीय विद्यालय, जीरकपुर के **50 विद्यार्थियों** व उनके साथ आए **5 अध्यापकों** ने दिनांक **11 दिसम्बर, 2019** को हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, पन्थाघाटी, शिमला, हि. प्र. का शैक्षणिक भ्रमण किया।

श्री अश्वनी कुमार, सहायक मुख्य तकनीकी अधिकारी, विस्तार प्रभाग, हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला ने सभी विद्यार्थियों एवं अध्यापकों का हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला में पधारने पर हार्दिक स्वागत किया। उन्होंने विद्यार्थियों को हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला की शोध उपलब्धियों, वर्तमान गतिविधियों तथा भविष्य की कार्य योजनाओं के बारे में पावरपॉइंट प्रस्तुति द्वारा विस्तृत जानकारी दी तथा विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का संतोषजनक उत्तर दिया।

डॉ. एस. एस. सामंत, निदेशक, हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला ने छात्रों को संबोधित करते हुए संस्थान की विभिन्न गतिविधियों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि हिमालयी क्षेत्र जैव विविधता का भंडार है जिसका संरक्षण मानव के लिए अति-आवश्यक है। उन्होंने हिमालीय क्षेत्रों में पाए जाने वाले वनों, पारिस्थिक ततों, पारिस्थिक तंत्र सेवाओं, औषधीय पादपों, मानवजनित गतिविधियों, जलवायु परिवर्तन सरंक्षण तथा सरंक्षण में जनता की भागीदारी पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने वानिकी शोध पर संभावनाओं पर भी अध्यापकों एवं छात्रों के प्रश्नों के उत्तर दिये तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

इसके उपरांत **श्री अश्वनी कुमार,** सहायक मुख्य तकनीकी अधिकारी, , **श्री रमेश केंथला,** उप-राजिक, **श्री अजय ठाकुर,** वन दरोगा एवं **श्री अभिषेक वर्मा,** परियोजना सहायक द्वारा विद्यार्थियों व अध्यापकों को संस्थान की सभी प्रयोगशालाओं का भ्रमण कराया गया, जहां

संबधित प्रयोगशालाओं के प्रभारियों द्वारा प्रयोगशाला में उपलब्ध उपकरणों एवं किए जा रहे शोध कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की।

अंत में **श्री सत्य प्रकाश नेगी,** भा॰ व॰ से॰, अरण्यपाल, प्रभागाध्यक्ष, विस्तार प्रभाग, हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला ने समस्त विद्यार्थियों व संकाय सदस्यों का हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला में शैक्षणिक भ्रमण पर आने हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया।

<u>कुछ झलकियाँ</u>

श्रीमती शिल्पा, सहायक मुख्य तकनीकी अधिकारी विद्यार्थियों को वन पारिस्थिकी एवं जलवायु परिवर्तन प्रभाग में वर्तमान में की जा रही अनुसंधान गतिविधियों के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए।

श्री राजेन्द्र प्रकाश, कनिष्ठ परियोजना अध्येता विद्यार्थियों को वन पारिस्थिकी एवं जलवायु परिवर्तन प्रभाग के अंतर्गत हरबेरियम के बारे जानकारी प्रदान करते हुए।

कुमारी नेहा शर्मा, कनिष्ठ अनुसंधान अध्येता व कुमारी भूमिका कंवर, कनिष्ठ परियोजना अध्येता विद्यार्थियों को बचाव प्रभाग में वर्तमान में की जा रही अनुसंधान गतिविधियों के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए।

श्री कुलदेश कुमार, तकनीकी अधिकारी विद्यार्थियों को वन संवर्धन एवं वन प्रबंधन प्रभाग में वर्तमान में की जा रही अनुसंधान गतिविधियों के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए।

****